प्राक्कथन

राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) ने राष्ट्रीय आय, उपभोक्ता व्यय, बचत और पूंजी निर्माण, 2008-09 के त्वरित अनुमानों के साथ-साथ एक प्रेस रिलीज के माध्यम से 29.1.2010 को 1999-2000 आधार वर्ष वाली पिछली श्रृंखला के स्थान पर 2004-05 आधार वर्ष वाली राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी की नई श्रृंखला की शुरुआत की है । नई श्रृंखला में क्षेत्रीय स्तर पर किए गए बदलावों को " राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी पर नई श्रृंखला (आधार वर्ष 2004-05)" नामक एक विवरण पुस्तिका में दर्शाया गया है, जो मंत्रालय की वेबसाइट www.mospi.gov.in पर उपलब्ध है ।

2. अतः, राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस) के इस संस्करण में, नई श्रृंखला के अनुसार 2004-05 से 2008-09 के लिए राष्ट्रीय/घरेलू उत्पाद के अनुमान, देश के समेकित लेखे, निजी अंतिम उपभोग व्यय, बचत, पूंजी निर्माण और सार्वजनिक क्षेत्र के लेन-देन प्रस्तुत किए गए हैं । इन अनुमानों के अलावा, इस प्रकाशन में 8 फरवरी, 2010 को जारी वर्ष 2009-10 के अग्रिम अनुमान भी अलग से शामिल किए गए हैं ।

3. राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के संकलन के लिए अपेक्षित आंकड़े उपलब्ध कराने में केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों, विभागीय तथा गैर-विभागीय वाणिज्यिक उद्यमों, भारतीय रिजर्व बैंक और सभी राज्य/संघ शासित प्रदेश की सरकारों के अर्थ तथा सांख्यिकीय निदेशालयों के सहयोग के प्रति हम अपना आभार व्यक्त करते हैं । कवरेज और/अथवा सूचना के प्रस्तुतीकरण तथा इस प्रकाशन में शामिल आंकड़ों में सुधार के लिए उपयोगकर्ताओं के सुझावों का स्वागत है ।

4. मैं, अपर महानिदेशक, श्री रमेश कोल्लि के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में समय पर इस पत्रिका के प्रकाशन में राष्ट्रीय लेखा प्रभाग (एनएडी) , सीएसओ के सभी अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की सराहना करता हूं । इस प्रकाशन के लिए सामग्री जुटाने और इसके सम्पादन में उप महानिदेशकों, श्री राजीव शर्मा, श्रीमती टी राजेश्वरी, उप निदेशक, श्री एस.के.गुप्ता और सहायक निदेशक, श्री एस.के.मित्तल, एनएडी, सीएसओ के योगदान का यहां विशेष उल्लेख करना समीचीन होगा ।

एस.के.दास
महा निदेशक
केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय

नई दिल्ली
अप्रैल 2010